


# COVID-19 बूस्टर शॉट्स

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

COVID-19 बूस्टर शॉट की सिफारिश 12 वर्ष या उससे अधिक उम्र के उन सभी लोगों के लिए की जाती है जिन्होंने Pfizer या Moderna वैक्सीन की अपनी दूसरी खुराक पांच महीने या उससे पहले प्राप्त की है, या जिन्हें Johnson & Johnson (J&J) वैक्सीन की सिंगल खुराक दो महीने या उससे पहले मिली है।

**बूस्टर शॉट क्या है?**

बूस्टर शॉट एक वैक्सीन श्रृंखला पूरी करने के बाद दी जाने वाली टीके की एक अतिरिक्त खुराक होती है और इसका उपयोग वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है क्योंकि हो सकता है कि समय के साथ सुरक्षा शक्ति कम हो जाए (इसे वैनिंग प्रतिरक्षा कहा जाता है)।

**बूस्टर शॉट किसे दिया जा सकता है?**

Pfizer या Moderna वैक्सीन की दूसरी खुराक लगवाने के 5 महीने बाद 12 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए।

J&J वैक्सीन की सिंगल खुराक लगवाने के 2 महीने या उससे अधिक समय के बाद 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए।

**बूस्टर शॉट की सिफारिश क्यों की जाती है?**

COVID-19 वैक्सीन अभी भी COVID-19 के कारण होने वाली गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने में बहुत प्रभावी हैं। हालाँकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि Pfizer और Moderna वैक्सीन से लगभग 5 महीने के बाद या J&J वैक्सीन से लगभग 2 महीने बाद संक्रमण से सुरक्षा कम होना शुरू हो सकती है। बूस्टर शॉट उन लोगों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान कर सकता है जिन्हें, विशेष रूप से हमारे समुदायों में फैल रहे Delta वेरिएंट की उपस्थिति के कारण, COVID-19 के जोखिम या COVID-19 बीमारी का गंभीर खतरा है।

**किन चिकित्सीय स्थितियों से गंभीर COVID-19 बीमारी का खतरा बढ़ जाता है?**

गंभीर COVID-19 के जोखिम को बढ़ाने वाली चिकित्सीय स्थितियों में मधुमेह, हृदय की स्थिति, गुर्दे की पुरानी बीमारी, फेफड़ों की पुरानी बीमारी, यकृत रोग, कैंसर, मनोभ्रंश, HIV और गर्भावस्था शामिल हैं। पूरी सूची के लिए देखें: cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/need-extra-precautions/people-with-medical-conditions.html

**अपने कार्यस्थल या किसी अन्य सेटिंग में COVID-19 के संपर्क में आने का अधिक जोखिम किसे है?**

जिन नौकरियों में COVID-19 के संपर्क में आने का जोखिम बढ़ सकता है उनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मी, शिक्षक, डे केयर स्टाफ और रेस्तरां और किराने की दुकान के कर्मचारी शामिल हैं। अन्य सेटिंग्स जहां संपर्क में आने के जोखिम में वृद्धि हो सकती है उनमें बेघरों के लिए आश्रय और जेल शामिल हैं।

जारी ▶

### मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे बूस्टर शॉट की आवश्यकता है या नहीं?

यदि आपको इस बारे में प्रश्न पूछना है कि आपको बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए या नहीं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। यदि आपको प्रदाता खोजने में सहायता चाहिए, तो 311 पर कॉल करें या 212-COVID-19 (212-268-4319) पर कॉल करें और नर्स से बात करके जानें कि आप पात्र हैं, या नहीं।

### क्या गर्भवती, स्तनपान कराने वाली या गर्भवती होने की कोशिश करने वाली महिलाएं भी बूस्टर लगवा सकती हैं?

गर्भवती और हाल ही में गर्भवती हो चुकी महिलाओं को COVID-19 की गंभीर बीमारी का खतरा गर्भवती न होने वाली महिलाओं की तुलना में बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं को COVID-19 से बचाव का टीका जरूर लगाया जाना चाहिए। यदि गर्भवती महिलाएं पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं, तो उन्हें बूस्टर लगवाना चाहिए।

### बूस्टर शॉट लगवाने के जोखिम क्या हैं?

कई लोगों के लिए जिन्हें Pfizer या Moderna के वैक्सीन की दो खुराक या J&J वैक्सीन की सिंगल खुराक लग चुकी है, उन्हें बूस्टर शॉट लेने के लाभ किसी भी जोखिम से कई गुना अधिक हैं। अब तक, बूस्टर शॉट लेने के बाद रिपोर्ट की गई प्रतिक्रियाएं शुरुआती खुराक के बाद रिपोर्ट की गई प्रतिक्रियाओं के समान थीं। थकान और हाथ में दर्द सबसे अधिक सूचित किए गए दुष्प्रभाव थे। अधिकांश दुष्प्रभाव हल्के से मध्यम स्तर तक के थे।

### क्या बूस्टर शॉट पहले की दो खुराकों की वैक्सीन के समान है?

हाँ। बूस्टर शॉट Pfizer या Moderna की पहली दो खुराकों, या J&J वैक्सीन की सिंगल खुराक के समान ही वैक्सीन है। हालाँकि, Moderna बूस्टर की खुराक की मात्रा पहली दो खुराकों में दी जाने वाली मात्रा से आधी है।

### क्या मेरे बूस्टर शॉट का ब्रांड वही होना चाहिए जिस ब्रांड की वैक्सीन मुझे पहली बार लगाई गई थी?

वैक्सीन लगवा चुके लोगों को बूस्टर खुराक में वही वैक्सीन लगवाने का प्रयास करना चाहिए जो वैक्सीन उन्हें शुरू में लगाई गई थी, लेकिन उनके पास वैक्सीन को बदल कर अन्य दो वैक्सीन में से किसी एक को चुनने का विकल्प भी है।

### मुझे बूस्टर शॉट कब लगवाना चाहिए?

यदि आप 12 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, तो आपको Pfizer या Moderna की वैक्सीन की दूसरी खुराक लगवाने के 5 महीने बाद बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए। यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है और आपको J&J वैक्सीन की सिंगल खुराक लगी है, तो आपको बूस्टर शॉट अपनी शुरुआती खुराक के 2 महीने बाद लगवाना चाहिए।

### अगर हमें बूस्टर शॉट की जरूरत है, तो क्या इसका मतलब यह है कि टीके काम नहीं कर रहे हैं?

नहीं। COVID-19 वैक्सीन गंभीर बीमारी की स्थिति, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने में, यहां तक कि व्यापक रूप से फैल रहे Delta वैरिएंट के खिलाफ भी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। हालाँकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को विशेष रूप से कुछ आबादियों के बीच सुरक्षा में हल्की कमी आती हुई दिखाई देने लगी है।

### मैं मुफ्त बूस्टर शॉट कहां लगवा सकता/सकती हूँ?

Pfizer और J&J वैक्सीन के बूस्टर शॉट NYC Health+ Hospitals सिस्टम के 11 अस्पतालों में उपलब्ध हैं। Moderna बूस्टर शॉट्स किसी भी NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट पर उपलब्ध हैं। आपको इसके लिए उसी स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है जहां आपको Pfizer या Moderna वैक्सीन की पहली दो खुराकें या J&J वैक्सीन की सिंगल खुराक लगाई गई थी। अपनी बूस्टर खुराक के लिए NYC Health + Hospitals के किसी भी एक्यूट केयर हॉस्पिटल या NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट पर जाएं या कई भाषाओं में मदद के लिए 1-877-829-4692 पर कॉल करें।

### क्या मुझे अन्य वैक्सीन (जैसे फ्लू वैक्सीन) लगाए जाने के समय ही बूस्टर शॉट लगाया जा सकता है?

हाँ। अन्य वैक्सीन लगाए जाने के समय ही, या उससे पहले या बाद में कभी भी बूस्टर शॉट लगवाना सुरक्षित है। यदि आपने अभी तक अपना फ्लू शॉट नहीं लगवाया है, तो NYC Health + Hospitals के एक्यूट केयर अस्पताल स्थानों पर दोनों ही उपलब्ध हैं।

### क्या पूरी तरह से टीकाकृत होने के लिए मुझे बूस्टर शॉट लगवाना आवश्यक है?

नहीं। दो-खुराक वाली वैक्सीन (जैसे Pfizer या Moderna) की दूसरी खुराक लगवाने के दो सप्ताह बाद या सिंगल-खुराक वाली J&J वैक्सीन लगवाने के दो सप्ताह बाद लोगों को पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है।

### क्या बूस्टर शॉट लगवाना अनिवार्य होगा?

न्यूयॉर्क राज्य की स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए टीकाकरण अनिवार्यता केवल पहली और दूसरी खुराक पर ही लागू होती है। अनिवार्यता में बूस्टर शॉट्स शामिल नहीं हैं।

### क्या बच्चों के लिए बूस्टर शॉट्स की सिफारिश की जाती है?

इस समय, 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को बूस्टर शॉट लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। 12-17 वर्ष आयु वर्ग के लोग, जिन्हें इससे पहले 5 महीने से अधिक समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer के बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं। 5-11 वर्ष की आयु के कुछ प्रतिरक्षाविहीन बच्चों को Pfizer वैक्सीन की उनके दूसरे शॉट के 28 दिन बाद अतिरिक्त खुराक लगाई जा सकती है।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Published: 1/7/2022
Hindi